आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–10 जुलाई 2024 सान्ध्य समाचार

प्रदेश के उन्नाव जिले के पास एक्सप्रेसवे पर हुए एक दर्दनाक हादसे में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई है। इस हादसे में 19 लोग घायल भी हुए हैं और मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। हादसा आज सुबह हुआ, जब उन्नाव जिले के बांगरमऊ इलाके में एक डबल डेकर बस दूध के टैंकर से टकरा गई। बस बिहार के सीतामढ़ी जिले से दिल्ली जा रही थी। टक्कर के बाद बस के दो टुकड़े हो जाने से कई लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया। गंभीर रूप से घायल 5 लोगों को लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर किया जा रहा है।

जिला प्रशासन ने घटना से जुड़ी जानकारी के लिए 0515–2970767, 9651432703, 9454417447, 8887713617 और 8081211289 हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्नाव जिले में हुई सड़क दुर्घटना का संज्ञान लिया और मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने पीएम–एनआरएफ से मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख रूपये और घायलों को पचास–पचास हजार रूपये देने की घोषणा की है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज जनपद पीलीभीत और लखीमपुर खीरी के बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण कर राहत बचाव कार्य के आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जुलाई के पहले सप्ताह में ही भारी बारिश के कारण 133 गांव बाढ़ प्रभावित हैं। हजारों हेक्टेयर फसल भूमि और फसलें प्रभावित हुई हैं। नेपाल और उत्तराखंड से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण नदियों का जलस्तर काफी बढ़ गया, जिसके कारण जुलाई के पहले सप्ताह में ही हमें बाढ़ का सामना करना पड़ रहा है। यहां एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पीएसी की खाद्य इकाइयां तैनात की गई हैं। अब तक 12 जिलों में 38 बाढ़ चौकी स्थापित की जा चुकी हैं। गौरतलब है कि प्रदेश के छह जिलों के 200 से अधिक गांव बाढ़ से प्रभावित हैं, जिनमें से अधिकतर तराई क्षेत्र के हैं।

इसी क्रम में नेपाल की पहाड़ियों पर वर्षा होने और वाल्मीकि नगर बैराज से लगातार पानी छोड़े जाने के कारण कुशीनगर जिले में नारायणी नदी के किनारे बसे दर्जनों गांवों के किसानों की धान व गन्ने की सैकड़ो एकड़ फसल बाढ़ के पानी से बर्बाद हो गयी है। जिले के तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के उपाध्याय टोला,दहारी टोला, तवक्कल टोला, देवनारायण टोला,बाघाचौर व अहिरौली दान सहित दर्जनों गांवों के किसान बाढ़ से प्रभावित हैं।

उधर, अयोध्या में सरयू नदी खतरे के निशान से 27 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। जिसके बाद से जिला प्रशासन ने तराई इलाकों में अलर्ट जारी कर दिया है। अयोध्या जनपद में रुदौली से पूरा बाजार तक लगभग 60 किलोमीटर के बीच 38 बाढ़ चौकियां बनाई गई है, जिस पर कर्मचारियों की तैनाती की गई है, जिससे बाढ़ की स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मिशन रोजगार के अंतर्गत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित 7720 लेखपालों को लखनऊ स्थित लोकभवन सभागार में नियुक्ति पत्र वितरित किया। अपने संबोधन में श्री योगी ने कहा कि 2017 के पहले की तस्वीर सबने देखी है। लेखपालों के आधे पद खाली पड़े थे, भर्ती नहीं होती थी। भर्ती की प्रक्रिया में तमाम होल थे। ये वही उत्तर प्रदेश है जिसका युवा बाहर कहीं जाता था तो उसे पहले ही साइड कर दिया जाता था। आज युवा कहीं भी जाएगा बड़े सम्मान की निगाहों से देखा जाता है। इसी क्रम में प्रदेश के वाराणसी, अयोध्या, कुशीनगर, मऊ, कौशांबी, गोरखपुर, अयोध्या, फर्रूखाबाद, बांदा समेत विभिन्न जनपदों में भी लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरण के कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रभारी मंत्रियों, सांसद व विधायकों की अगुवाई में किया गया।

****

प्रदेश के कृषि निर्यात मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने आज कहा है कि राज्य सरकार, आम और अन्य कृषि उत्पादों के लिए परीक्षण और पैकिंग इकाई स्थापित करने जा रही है। जिससे राज्य के कृषि उत्पादों के लिए विदेशी बाजार में वृद्धि होगी। लखनऊ में पत्रकारों से बात करने हुए श्री सिंह ने कहा कि पिछले वर्ष 44 मीट्रिक टन आम का निर्यात विभिन्न देशों में किया गया था और इस वर्ष अब तक 70 मीट्रिक टन से अधिक निर्यात किया जा चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल लखनऊ में मैंगो फेस्टिवल का उद्घाटन करेंगे, जो अगले दो दिनों तक चलेगा।

****

मानसून की ट्रर्फ रेखा जो उत्तर प्रदेश से खिसकर दक्षिण भारत पहुंच गई थी, वह फिर से सामान्य होने लगी है। ऐसे में मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटे के दौरान प्रदेश में 100 मिलीमीटर बारिश होने की संभावना व्यक्त की है।

****